ओवरब्रिज बना मजनुओं और शराबियों का अड्डा

छात्राओं महिलाओं का निकलना हो रहा मुश्किल

नवभारत/ नरसिंहपुर/ तेंदूखेड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग के बीच पुलिस थाने के सामने तरफ गुजरने वाले मार्ग पर राहगीरों को सुगमता से सड़क पार करने के लिए बनाये गये भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा लोहे का पुल फुटओवर ब्रिज शराबियों और मनचलों का अड्डा बन गया है।इस ब्रिज पर कुछ युवा अपनी अपनी मोटरसाइकिल लेकर बैठ जाते हैं। स्कूल जाने वाली छात्राओं को लेकर छींटाकसी किया करते हैं।

प्रकाश व्यवस्था हुई गड़बड़: इस ब्रिज पर रात्रि के समय आवागमन की दृष्टि से लाइटिंग की समुचित व्यवस्था की गई थी जिसके तहत लगभग 60 ट्यूब लाइट्स लगाई गईं थीं। लेकिन यह उजियारा कुछ ही दिनों का मेहमान साबित हुआ।वर्तमान में ये सभी लाइट्स पूरी तरह से बंद रहती हैं। जिसके कारण यहां अंधेरा छाया रहता है। इस अंधेरे का फायदा असामाजिक तत्व और शराबी उठा रहे हैं। रात के वक्त शराबी ब्रिज के ऊपर अंधेरे में बैठकर बेखौफ होकर शराबखोरी करते हैं। इस स्थिति के कारण रात्रि में इस ब्रिज से गुजरने वाले राहगीरों विशेषकर महिलाओं को भारी जिल्लत और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। यही हाल एनएच के एक सर्विस रोड से दूसरे सर्विस रोड तक लगाए गए स्ट्रीट लाइट्स का भी है, जो पूरी तरह से बंद पड़े हैं।

शिकायत दर्ज कराई

ऐसा नहीं है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के जिम्मेदार कर्मचारियों को इस बात की जानकारी नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिजली बिल बचाने का यह उनका बहुत ही नायाब तरीका है। लाइट्स पूरी तरह बंद रहती हैं और एनएचएआई के टोल फ्री नंबर पर भी कई कई बार शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। लेकिन इसके बावजूद महज शोभा के रूप में लगाई गई इन लाइट्स को चालू नहीं किया जा रहा है जिससे क्षेत्रीय जनता में रोष व्याप्त हो रहा है।

हरसिद्धि मंदिर में चोरी का प्रयास

तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला अभी थम नहीं रहा है। अज्ञात चोर अब मंदिरों को निशाना बना रहे हैं। मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात को अज्ञात चोरों ने नगर के प्रतिष्ठित हरसिद्धि मंदिर को निशाना बनाया है।सी सी टीवी फुटेज में दो चोर दिख रहे हैं। जिन्होंने मंदिर का चैनल गेट का दरवाजा तोड़कर छुटपुट चोरियां की गई है।घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक साक्ष्यों को जुटाने हेतु विशेषज्ञ टीम को बुलाया है।इस घटना के बाद से पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र के सभी मंदिरों के संचालकों से अपील की है कि रात्रि में मूर्तियों के जेबरात चढ़ोत्तरी को सुरक्षित रख लेवें।

श्रद्धा पूर्वक मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व, निकाली गई साईं बाबा की शोभायात्रा

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। गुरु के प्रति समर्पण पूजन का पवित्र पर्व गुरु पूर्णिमा तेंदूखेड़ा सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया।इस मौके पर शिष्यों ने अपने अपने गुरुओं के यहां पहुंचकर उनका पूजन कर भेंट दी गई। ग्राम देवरी राजमार्ग एवं छत्तरपुर शासकीय स्कूलों में बच्चों ने सामूहिक कार्यक्रम कर तिलक लगाकर पूजन अर्चन किया और आर्शीवाद ग्रहण किया। पूर्व विधायक संजय शर्मा ने अपने गुरु रावतपुरा सरकार के यहां पहुंचकर पूजन अर्चन किया। तेंदूखेड़ा में साईं नाथ मंदिर मनकेडी वालों के कारखाने से श्री साईं बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।

प्रात: कालीन अनुष्ठान और हवन-पूजन

कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार सुबह धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुई। प्रात: मंदिर परिसर में विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया जिसमें यजमानों और श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण और नगर में सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्रोच्चार और साईं भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

शोभायात्रा और मुख्य आकर्षण: दोपहर साईं नाथ मंदिर से विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। यात्रा के दौरान कई मनमोहक और विशेष आकर्षण जनाकर्षण के केंद्र बनें रहे।

एक नजर में

मूंग-उड़द उपार्जन के लिए किसान 31 जुलाई तक कराएं स्लॉट बुकिंग

नरसिंहपुर। ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन के संबंध में जिले के किसान भाइयों को सलाह दी गई है कि उपार्जन का कार्य एक जुलाई से 10 अगस्त 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसके लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे निर्धारित समय सीमा में स्लॉट बुकिंग अवश्य करा लें। स्लॉट बुकिंग के उपरांत भी किसान अपनी सुविधा अनुसार 10 अगस्त 2026 तक किसी भी निर्धारित उपार्जन केंद्र पर अपनी उपज का विक्रय कर सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से परेशान न हों तथा निर्धारित अवधि के भीतर अपनी सुविधा के अनुसार उपार्जन केंद्रों पर पहुंचकर मूंग एवं उड़द का विक्रय करें।

केंद्रीय जेल नरसिंहपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नरसिंहपुर। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर केंद्रीय जेल नरसिंहपुर में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी बंदियों की हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच की गई, साथ ही टीबी की जांच के लिए एक्स-रे भी किए गए। इस अवसर पर जिला चिकित्सा नोडल अधिकारी डॉ. राहुल नेमा, डॉ. गुलाब खातरकर एवं एपिडेमियोलॉजिस्ट /नोडल अधिकारी द्वारा बंदियों को हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी एवं ई के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बीमारी के लक्षण, जांच, उपचार एवं बचाव के उपायों के संबंध में जागरूक करते हुए समय पर जांच कराने और सावधानी बरतने की सलाह दी। जिला अस्पताल में भी पोस्टरों के माध्यम से हेपेटाइटिस के प्रति जनजागरूकता फैलाने का कार्य किया गया।

जिले में अब तक 333 मिमी अर्थात 13.11 इंच वर्षा दर्ज

नरसिंहपुर। नरसिंहपुर जिले में एक जून से 29 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 333 मिमी अर्थात 13.11 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 29 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 13.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 34 मिमी, गाडरवारा में 8 मिमी, गोटेगांव में 10 मिमी, करेली में 14 मिमी और तेंदूखड़ा में 2 मिमी वर्षा आंकी गई है। तहसीलदार भू- संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 372 मिमी, गाडरवारा में 370, गोटेगांव में 231 मिमी, करेली में 300 मिमी और तेंदूखड़ा में 392 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 826 मिमी अर्थात 32.54 इंच वर्षा हुई।

ई-केवायसी व योजनाओं के पंजीयन के लिए आज लगेंगे शिविर

नरसिंहपुर। जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी एवं विभिन्न योजनाओं के लंबित पंजीयन कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशन में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 30 जुलाई को शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर जनपद पंचायत नरसिंहपुर, गोटेगांव एवं चांवरपाठा की ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे। जिले की जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत सिमरिया, सिंहपुर ब?ा, सुपला, सूरजगांव, तिंदनी व उसरी, जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत श्रीनगर, सिलारी, सिलवानी, सिमरी बडी व सिमरिया कंजई में शिविर लगाए जाएंगे।

बीती रात आंधी तूफान से खोबी मुहास मार्ग पर वृक्षों के गिरने से आवागमन ठप्प

नवभारत/ गोटेगांव। बीती रात क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान ने गोटेगांव के अंतर्गत ग्राम खोबी से मुहास मार्ग पर भारी वृक्ष गिर गए । तेज हवाओं के कारण लगभग 7 से 8 बड़े-बड़े वृक्ष जड़ से उखड़कर सड़क के बीच में आ गिरे। पेड़ों के सड़क पर गिरने से इस मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप्प हो गया। राहगीरों और वाहन चालकों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामवासियों और किसानों ने बीच सड़क पर गिरे वृक्षों को घंटों की कड़ी मेहनत परिश्रम के साथ मशीन से कटवाकर यातायात सुचारू कराया। साथ ही किसानों ने यह उ बताया वृक्षों के गिरने से रोड किनारे के खेतों में लगी फसलों का भी नुकसान हुआ है।

अस्मिता, अस्तित्व और विकास की थीम पर बैठक आयोजित

नवभारत/ करेली । मानव सभ्यता और उसके विकास में संस्कृति, परंपरा,इतिहास का महत्वपूर्ण योगदान है। इनके बिना समाज अधूरा है। हमारी पहचान ही हमारी परंपरायें हैं। अस्मिता,अस्तित्व और सर्वांगीण विकास विषय पर आधारित अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की राष्ट्रीय बैठक मध्यप्रदेश, महाकौशल प्रांत के करेली, नरसिंहपुर में संपन्न हुई। 23 से 25 जुलाई तक आहूत जागरण श्रेणी की इस बैठक में प्रांत,क्षेत्र एवं राष्ट्रीय दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। देश भर से लगभग तीन सौ पचास महिला-पुरूष प्रतिनिधियों ने सहभाग किया। नेपाल से भी प्रतिनिधि शामिल रहे। बैठक करेली के तीन स्थान राजमहल,संस्कार व डी एम

पैलेस सभागार में आयोजित हुई। उद्घाटन, समापन के साथ नौ सत्र संपन्न हुये।

छ आयाम जनजाति सुरक्षा मंच,जनजाति हितरक्षा ,श्रद्धा जागरण, प्रचार-प्रसार लोक कला, जनजाति संपर्क आयाम के अंतर्गत जागरण श्रेणी का कार्य विभक्त है। जनजातीय समाज का सर्वांगीण विकास और स्वाभिमान के साथ जीवन यापन सुनिश्चित करना अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम का मुख्य कार्य है। बैठक में भारत के लगभग 22000 गांवों में कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम-देव-दर्शन एवं गांव के देवी-देवताओं के धार्मिक स्थलों का दर्शन आगामी समय में करने का भी संकल्प लिया गया तथा पेसा-अधिनियम एवं वनाधिकार-कानून को शत-प्रतिशत गांवों में लागू करने पर जोर दिया गया। जनजाति समाज की महिलाओं एवं युवाओं को अपने पुरखों के धर्म, संस्कृति, सभ्यता, परंपरा एवं पूजा-पद्धति से आगे भी जुड़े रहने के विषय पर बल दिया गया । इसके साथ ही कल्याण आश्रम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक भी 26-27 जुलाई को संपन्न हुई। उक्त बैठक में वनवासी कल्याण आश्रम के केन्द्रीय पदाधिकारी,राष्ट्रीय आयाम प्रमुख,जिला टोली के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

जर्जर हुआ नगर का प्राचीन संकट मोचन मंदिर, बारिश में टपक रहा पानी

नवभारत/ गोटेगांव। नगर से लगा बकतला स्थित अति प्राचीन श्री संकट मोचन मंदिर जर्जर हालत में पहुंच गया है। आस्था का प्रतीक यह मंदिर वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। बारिश के दिनों में मंदिर के अंदर पानी भरने और छत से रिसाव की समस्या बढ़ गई है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। सप्ताह में दो बार भव्य महा आरती का आयोजन भी किया जाता है। लेकिन भवन की खराब स्थिति के कारण श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। मंदिर परिसर में पानी भर जाने से पूजा-पाठ में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। मंदिर के पुजारी एवं श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो

यह प्राचीन मंदिर कभी भी गिर सकता है। उन्होंने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की अपील की है। स्थानीय लोगों का मानना है कि नगर की पहचान से जुड़े इस ऐतिहासिक मंदिर का संरक्षण किया जाना चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित दर्शन की सुविधा मिल सके।

गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन

नवभारत/ करेली। बीएसएल पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय के डायरेक्टर चेतन लुनावत, प्राचार्य मिथिलेश राजोरिया एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गुरु महिमा पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें गीत, नृत्य एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियां रही। विद्यालय के डायरेक्टर चेतन लुनावत ने अपने संबोधन में कहा कि किसी विषय की जानकारी प्राप्त करना और उस विषय का

वास्तविक ज्ञान प्राप्त करना, दोनों अलग-अलग बातें हैं। सच्चा ज्ञान केवल गुरु से ही प्राप्त होता है और वही ज्ञान व्यक्ति के चरित्र को सकारात्मक एवं श्रेष्ठ बनाता है। यदि विद्यार्थी केवल अच्छे अंक प्राप्त कर लें या 90 प्रतिशत से अधिक अंक ले आएँ, तो मात्र उससे वे गुरु के सच्चे शिष्य नहीं कहलाते। गुरु का सच्चा शिष्य वही है, जो गुरु द्वारा दिए गए ज्ञान, संस्कार और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाकर उत्तम चरित्र का निर्माण करे।

20 साल से अधूरा पड़ा सोसायटी भवन,विकास के दावे खोखले

- श्मशान तक नहीं रास्ता, सोसायटी भवन बना खंडहर
- पहले मूलभूत सुविधा दो अधूरे भवन और बदहाल रास्तों से त्रस्त ग्रामीण

नवभारत/ गोटेगांव। विकास के दावों और घोषणाओं के बीच गोटेगांव तहसील की ग्राम पंचायत बेलखेड़ी शेड अंतर्गत ग्राम खानापुर आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। गांव की तीन प्रमुख समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। गांव की सबसे बड़ी समस्या सहकारी समिति का अधूरा भवन

है। इसका निर्माण कार्य लगभग 20 वर्ष पूर्व लेंटर लेवल तक हुआ था। दो दशक बीत जाने के बाद भी आज तक छत नहीं ढली। जर्जर हो चुके इस भवन के कारण ग्रामीण आज भी समिति की सुविधाओं से वंचित हैं। दूसरी बड़ी समस्या श्मशान घाट तक जाने वाले मार्ग की है। पक्का रास्ता न होने के कारण बारिश में घुटने-घुटने कीचड़ और गर्मी में धूल उड़ती है। अंतिम संस्कार के समय ग्रामीणों को शव लेकर जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही गांव के कई गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। वे आज भी जीर्ण-शीर्ण कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में जनसुनवाई में आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि सोसायटी भवन पर तुरंत लेंटर डलवाया जाए, श्मशान घाट तक पक्की सड़क बनाई जाए और पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास का लाभ दिलाया जाए।

बरसात में डेंगू का खतरा बढ़ा, सतर्कता ही बचाव का सबसे कारगर उपाय

नवभारत/ नरसिंहपुर। वर्षा ऋतु के दौरान डेंगू संक्रमण का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। ऐसे में थोड़ी सी सतर्कता और जागरूकता अपनाकर इस बीमारी से प्रभावी रूप से बचाव किया जा सकता है। डेंगू एक वायरल बीमारी है, मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर मुख्य रूप से दिन में काटता है और साफ एवं रुके हुए पानी में पनपता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका मच्छरों को पनपने से रोकना और स्वयं को उनके काटने से सुरक्षित रखना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सप्ताह में एक दिन 'ड्राई डे' के रूप में मनाएं और घर एवं आसपास रखे कूलर, गमले, टायर, पानी की टंकियां, नारियल के खोल, कबाड़ सहित सभी पात्रों में जमा पानी को पूरी तरह खाली कर साफ करें, ताकि मच्छरों का प्रजनन न हो सके। उन्होंने बताया कि डेंगू के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, शरीर पर लाल चकत्ते, कमजोरी, मतली एवं उल्टी शामिल हैं। कुछ मामलों में नाक या मसूड़ों से खून आना, लगातार उल्टी होना, अत्यधिक पेट दर्द या बेचैनी जैसे गंभीर लक्षण भी सामने आ सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत निकटतम शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में चिकित्सकीय परामर्श लेना आवश्यक है।

जिला अस्पताल में पहली बार लेप्रोस्कोपिक सर्जरी

नवभारत/ नरसिंहपुर। जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टॉमी (दूरबीन विधि से पित्ताशय की पथरी का ऑपरेशन) सफलतापूर्वक संपन्न की है। इस उपलब्धि के साथ अब जिले के मरीजों को इस अत्याधुनिक सर्जरी के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि उन्हें अपने ही जिले में आधुनिक और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की दूरदर्शी पहल और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की

प्रतिबद्धता प्रमुख रही। उनके प्रयासों से एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत लगभग 3.50 करोड़ रुपये की लागत से जिला चिकित्सालय को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए। इन्हीं उपकरणों की मदद से यह जटिल सर्जरी पहली बार सफलतापूर्वक की जा सकी। यह शल्यक्रिया सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. इति चंदोरकर एवं डॉ. संदीप प्रजापति द्वारा सफलतापूर्वक की गई, जबकि एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. मनीष सिसोदिया ने डॉ. शुभलक्ष्मी सिंघाई के मार्गदर्शन में निभाई।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जनजागरूकता का संदेश

नरसिंहपुर। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिले में आमजन को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने हेपेटाइटिस बीमारी के कारण, लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच-उपचार के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. मिश्रा ने बताया कि हेपेटाइटिस एक गंभीर रोग है, जो सीधे लीवर (यकृत) को प्रभावित करता है। यदि समय पर इसकी पहचान और उपचार न किया जाए, तो यह लीवर सिरोसिस, लीवर फेलियर और लीवर कैंसर जैसी जानलेवा स्थितियों का कारण बन सकता है। उन्होंने विशेष रूप से हेपेटाइटिस बी और सी को साइलेंट इंफेक्शन बताते हुए कहा कि ये लंबे समय तक बिना स्पष्ट लक्षण के शरीर में बने रह सकते हैं, इसलिए समय पर जांच कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस बी संक्रमित रक्त, असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई-सिरिंज के उपयोग तथा संक्रमित मां से नवजात शिशु में फैल सकता है, जबकि हेपेटाइटिस ए और ई मुख्यत: दूषित भोजन एवं पानी के सेवन से फैलते हैं। डॉ. मिश्रा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को बार-बार पीलिया होना।

गुरु पूर्णिमा | ब्रह्मलीन शंकराचार्य की तपोभूमि पर गुरु पूर्णिमा, गुरु ही ईश्वर तक पहुंचने का सेतु, गूंजे अमृत वचन

परमहंसी गंगा आश्रम में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत/ गोटेगांव। ब्रह्मलीन द्वारका-शारदा पीठ एवं ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की पावन तपोभूमि परमहंसी गंगा आश्रम, झोतेश्वर में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं गुरु भक्त आश्रम पहुंचे और अपने आराध्य गुरुदेव की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरा आश्रम परिसर जय गुरुदेव और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा।

प्रात:काल गुरु व्यास मंडल पूजन, भगवती मंदिर में विशेष आरती तथा विद्वान ब्राह्मणों द्वारा राष्ट्राभिषेक का आयोजन किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सायंकाल भजन संध्या में भक्तिभाव की ऐसी सरिता बही कि पूरा वातावरण आध्यात्मिक आनंद से सराबोर हो गया। आज भी श्रद्धालुओं के हृदय में जीवंत हैं गुरुदेव के अमृत वचन गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के वे प्रेरक वचन स्मरण किए, जिन्हें सुनकर असंख्य लोगों का जीवन बदल गया था।

वे यह भी कहते थे

फ्गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मजागरण का दिवस है। गुरु वह दीपक है जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर आत्मा को परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग दिखाता है। गुरु के बिना ज्ञान नहीं, ज्ञान के बिना विवेक नहीं और विवेक के बिना जीवन का कल्याण संभव नहीं। वे यह भी कहते थे कि जिसके जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि है, उसके जीवन में कभी आध्यात्मिक अंधकार नहीं रह सकता।

गुरु पूर्णिमा पर मां नर्मदा मंदिर में गूंजे भजन

नवभारत/ गोटेगांव। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। गुरु भक्त अपने गुरुओं का आशीर्वाद लेने के लिए सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे। इसी क्रम में नगर के प्रसिद्ध पटेल वार्ड स्थित मां नर्मदा मंदिर में विशेष भक्ति का माहौल रहा। मंदिर में विराजमान मां नर्मदा जी की पूजा-अर्चना के साथ भाव भजन कीर्तन मंडली द्वारा भजनों का आयोजन किया गया। भक्ति संगीत से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर सैकड़ों गुरु भक्तों ने मंदिर पहुंचकर मां नर्मदा मैया के दर्शन किए, पूजन-पाठ किया और मंदिर के पुजारी लखनलाल उपम्म से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के दिन मां

नर्मदा के दर्शन और गुरु का आशीर्वाद लेने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। मंदिर में दिनभर भक्तिभाव का वातावरण बना रहा, वही मंदिर पुजारी जी ने आज के दिन कोविशेष बताते हुए कहा गुरु पूर्णिमा आत्मजागरण का पर्व है। गुरु ही वह दीपक हैं जो जीवन के अंधकार को मिटाकर हमें सही मार्ग दिखाते हैं। आज के दिन गुरु और ईश्वर का आशीर्वाद लेने से जीवन में सुख, शांति और सद्बुद्धि की प्राप्ति होती है।